म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26–अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

कमांक/मंडी बोर्ड/एम.डी./पी.ए./2019/3061 भोपाल,दिनांक : 19/12/2019

प्रति,

संयुक्त संचालक/ उप संचालक,
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय (समस्त).

विषयः—माननीय मंत्री, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के भ्रमण के दौरान की गई घोषणाओं/आश्वासनों के संबंध में।

विषयान्तर्गत प्रायः यह प्रकाश में आया है कि माननीय मंत्री, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिलों में भ्रमण के दौरान मंडियों का भ्रमण भी किया जाता है। भ्रमण के दौरान स्थानीय व्यापारियों एवं किसानों से चर्चा के दौरान मंडियों में कुछ आवश्यक सुधार, अधोसंरचना इत्यादि व्यवस्थाओं के संबंध में आश्वासन भी दिए जाते हैं तथा कुछ नवीन मंडी संबंधी कार्यों के लिए भी आश्वासन दिए जाते हैं, जिनकी जानकारी समय पर मुख्यालय को प्राप्त नहीं होने से कार्यवाही करने में विलंब होता है।

अतः माननीय मंत्री, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के मैदानी भ्रमण के दौरान आप अपने–अपने क्षेत्र में उनके साथ उपस्थित रहेंगे। साथ–ही–साथ उनके द्वारा मंडियों से संबंधित दिए गए आश्वासनों की जानकारी तत्काल मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित किया जाए तथा ऐसे कार्य जो स्थानीय स्तर पर पूर्ण करना संभव हो सकते हैं, उन पर त्वरित कार्यवाही आरंभ की जाकर की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन मुख्यालय को भेजें।

(अशोक कुमार वर्मा) 19/12/19
प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल.

कमांक/मंडी बोर्ड/एम.डी./पी.ए./2019/3062 भोपाल,दिनांक : 19/12/2019

प्रतिलिपिः— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— कार्यपालन यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, तकनीकी संभाग................ (समस्त)।
2— भारसाधक अधिकारी/सचिव, कृषि उपज मंडी समिति .... (समस्त)।

19/12/19
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल.